हिन्दी दैनिक

RNI-BIHHIN/2012/43368

# नवशक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 13, अंक : 312 | पटना, शनिवार, 04 जनवरी, 2025 | पृष्ठ, : 8 मूल्य : दो रुपये

## मैं भी शीशमहल बना सकता था, लेकिन गरीबों को पक्का घर देना मेरा सपनाः पीएम मोदी

**नई दिल्ली,** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज (3 जनवरी) दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष किया और कहा कि मैंने 4 करोड़ लोगों को घर देकर उनके सपनों को पूरा किया और अपने लिए कभी घर नहीं बनाया। उन्होंन तंज भरे लहजे में कहा कि चाहता तो 'शीश महल' मैं भी बनवा सकता था। दिल्ली सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने और शहर के निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए, पीएम ने सत्तारूढ़ पार्टी को आपदा करार दिया।

दिल्ली में झुग्गीवासियों के लिए आवास परियोजना की शुरूआत करते हुए पीएम ने कहा, 'मैं शीशमहल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए मेरा सपना था कि मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले।' आप पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने शराब घोटाला, स्कूल घोटाला और प्रदूषण घोटाला किया है। वे खुलेआम भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और इसे प्रचारित भी कर रहे हैं। यह दिल्ली के लिए एक आपदा है, और निवासियों ने इस आपदा के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी है।



नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आप-दा में धकेल दिया। शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला... ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग आप-दा बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली वालों ने आप-दा के विरुद्ध जंग छेड़ दी है। दिल्ली का वोटर, दिल्ली को आप-दा से मुक्त करने की ठान चुका है। वो कह रहा है- आप-दा को नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं तो दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली 'आयुष्मान भारत' योजना का लाभ देना चाहता हूं। आप-दा सरकार को दिल्ली वालों से बड़ी दुश्मनी है। पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को आप-दा वाले यहां (दिल्ली) लागू नहीं होने दे रहे। इसका नुकसान दिल्ली वालों को उठाना पड़ रहा है।

उन्होंने दावा किया कि दिल्ली एक सुर में कह रही है, 'आपदा को नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे'।

## नक्सलियों के खिलाफ जारी है अभियान, मुठभेड़ में तीन को किया गया ढेर

**गरियाबंद,**। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को तीन नक्सलियों को मार गिराया।



डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया था। कथित तौर पर, छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों के लगभग 300 सुरक्षा बल इस ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक (एएसपी) जितेंद्र चंद्राकर ने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान सेना ने तीन नक्सलियों को मार गिराया है। जवानों ने तीनों के शव बरामद कर लिए हैं। तलाशी के दौरान हथियार भी बरामद हुए हैं। फिलहाल जवानों की टीम मौके पर है। मारे गए नक्सलियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

संभावना जताई जा रही है कि इन नक्सलवादियों के सिर पर बड़ा इनाम हो सकता है. नक्सलियों के शवों को मुख्यालय लाकर उनकी पहचान की जायेगी। 23 दिसंबर को नक्सलियों के साथ गोलीबारी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो कोबरा कमांडो घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, गोलीबारी तब हुई जब बल छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के वन क्षेत्र में स्थापित एक अग्रिम अड्डे की सुरक्षा कर रहे थे।

यह घटना सीआरपीएफ के गोमगुडा फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (एफओबी) पर हुई। अधिकारियों के अनुसार, घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे सामने आई जब कोबरा 206 बटालियन सुदूर जंगली इलाके में नए स्थापित बेस की सुरक्षा कर रही थी।

## प्रेशर बम में विस्फोट होने से तीन जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में प्रेशर बम में विस्फोट होने से सुरक्षाबल के तीन जवान घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तोड़का गांव के करीब प्रेशर बम में विस्फोट होने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के तीन जवान घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आज डीआरजी के दल को माओवादी विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। दल जब अभियान से वापस हो रहा था तब तोड़का गांव के करीब माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट हो गया।

## दिल्ली में सीएम आतिशी को चुनौती देंगी अलका लांबा, कांग्रेस ने कालकाजी से दिया टिकट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा को कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतारा। लांबा को आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ मैदान में उतारा गया है। एआईसीसी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति ने 51-कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से दिल्ली विधान सभा के आगामी आम चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अलका लांबा की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है।

लांबा ने इसके बाद कहा कि मैं इस अवसर के लिए पार्टी को धन्यवाद देता हूं। मैं चौथी बार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहा हूं. पहले तो यह तय हो जाना चाहिए कि वह सीएम हैं या अस्थायी सीएम। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने उन्हें अस्थायी सीएम बताया। उन्होंने संवैधानिक पद और उस पद पर बैठी एक महिला का अपमान किया है। मेरी लड़ाई दिल्ली की खतरनाक हवा, प्रदूषित यमुना और अपराध के खिलाफ है।



इससे पहले कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 26 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की थी जिसमें एक प्रमुख नाम दिल्ली नगर निगम के पूर्व महापौर फरहाद सूरी का है जिन्हें जंगपुरा से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा गया है। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री आसिम अहमद खान को मटिया महल और पूर्व विधायक देवेंद्र सहरावत को बिजवासन से टिकट दिया गया है। ये दोनों नेता आम आदमी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। कांग्रेस ने गत 12 दिसंबर को 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी, जिसमें सबसे प्रमुख नाम पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का था।

## दिल्ली सरकार की शिक्षा क्रांति ने व्यवस्था को परिवर्तित कर दिया : आतिशी

**नई दिल्ली।** तीन जनवरी दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा लाई गई शिक्षा क्रांति ने शिक्षा व्यवस्था को परिवर्तित कर दिया है और अब बच्चों के पास अवसरों की कोई कमी नहीं है। झिलमिल कॉलोनी में सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक नए शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन करते हुए आतिशी ने कहा कि नए भवन का महत्व तब नजर आता है जब वहां पढ़ने वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई देती है। जिस ब्लाक का उद्घाटन किया गया है उसमें 25 कक्षाएं और छह उन्नत प्रयोगशालाओं समेत 45 कमरे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सुविधाओं का उद्देश्य छात्रों को जीव विज्ञान जैसे विषयों का गहन अध्ययन करने तथा चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने में सक्षम बनाना है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा, इस भवन का महत्व तब स्पष्ट होता है जब आप यहां पढ़ने वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखते हैं। जैसे ही हम स्कूल में दाखिल हुए, हमने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शनी लगाते देखा और उनका उत्साह दशार्ता है कि यह नया ब्लॉक उनके लिए कितना सार्थक है।

## अजय कुमार भल्ला ने ली मणिपुर के 19वें राज्यपाल के तौर पर संभाली कमान

**मणिपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उन्हें संवैधानिक पद पर नियुक्त करने के एक महीने बाद पूर्व केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने शुक्रवार को इंफाल के राजभवन में मणिपुर के 19वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। भल्ला को मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी कृष्णकुमार ने पद की शपथ दिलाई। भल्ला ने असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य का स्थान लिया, जो मणिपुर का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। भल्ला, जिन्हें सबसे लंबे समय तक केंद्रीय गृह सचिव के रूप में सेवा करने का दुर्लभ गौरव प्राप्त है, ने पिछले साल अगस्त में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने मणिपुर राइफल्स के जवानों द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर का भी निरीक्षण किया।



भल्ला असम-मेघालय कैडर के 1984 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। भल्ला पंजाब के जालंधर के रहने वाले हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष थ स्टेब्रता, पूर्व मुख्यमंत्री इबोबी सिंह, शीर्ष रैंक के मणिपुर पुलिस राजीव सिंह, राज्य के कैबिनेट मंत्री, विधायक और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री को घेरने निकले छात्र युवा मोर्चा ने जेपी गोलंबर पर बैरिकेड तोड़ा

- **डाक बंगला चौराहे पर भी तीखी झड़प मुख्यमंत्री या अन्य अधिकारियों से वार्ता कराने में प्रशासन विफल।**
- **नाराज छात्र युवा नेताओं ने 6जनवरी को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन का किया ऐलान।**
- **आने वाले दिनों में बिहार बंद की चेतावनी।**

**पटना।** एनएसयूआई, आइसा, एआईएसएफ, डी वाई एफ आई, एसएफआई, सोशल जस्टिस आर्मी, समाजवादी छात्र सभा, सीवाईएसएस, एआईवाईएफ, आरवाईए, डीवाईएफआई, इंडियन यूथ कांग्रेस, आप यूथ विंग के बैनर तले आज मुख्यमंत्री को घेराव करने निकले छात्र युवा नेताओं की जेपी गोलंबर पर भारी संख्या में तैनात पुलिस से तीखी झड़प हुई अन्ततः छात्र- युवा नेताओं ने जेपी गोलंबर पर लगे पुलिस के बैरिकेड तोड़ दिए और धक्का-मुक्की करते आगे बढ़ गए।

इससे पूर्व गांधी मैदान के समीप स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए, कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ. शकील अहमद खान,माले विधायक दल नेता महबूब आलम, उपनेता सत्यदेव राम, विधायक अजित कुशवाहा, संदीप सौरभ, गोपाल रविदास, शिव प्रकाश रंजन,सीपीएम विधायक डॉ. सत्येन्द्र यादव, सीपीआई विधायक दल के नेता सूर्यकान्त पासवान एवं छात्र-युवा नेताओं के साथ जुलूस में आगे बढ़े। 70 में बीएससी परीक्षा रद्द करने, लाठी चार्ज के दोषियों पर कार्रवाई करने, आंदोलनकारी छात्रों की रिहाई, समर्थक शिक्षक छात्रों पर से दर्ज मुकदमे वापस लेने,सोनू के परिजनों को उचित मुआवजा, पेपर लीक पर रोक, परीक्षा माफिक तंत्र के खात्मे के लिए सख्त कानून बनाने, पेपर लीक के उच्च स्तरीय जांच कराने, आदि मांगो के साथ हाथों में झंडा लिए हुए पूरे राज्य के छात्र युवा नेताओं और पुलिस में झड़प का ये दौर डाक बंगला चौराहे पर भी जारी रहा।जहां बड़ी संख्या में पुलिस बल और वाटर कैनन , आशु गैस के गोले के साथ भारी संख्या में पुलिस बल पहले से तैनात थी । हजारों की संख्या में पूरे राज्य भर से आए छात्र-युवाओं ने डाक बंगला के बैरिकेड को भी तोड़ दिया लेकिन नेतृत्वकारी छात्रों के पहल पर आंदोलनकारी रुक गए।छात्र-युवा नेताओं ने जिला प्रशासन द्वारा मौके पर तैनात किए गए एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट, डीएसपी विधि व्यवस्था कृष्ण मुरारी, जिला नियंत्रण कक्ष के दंडाधिकारी एस एम खान से से वार्ता करने हेतु मुख्यमंत्री से 10 सदस्य प्रतिनिधिमंडल के वार्ता करने हेतु आग्रह किया. जानकारी मिली कि मुख्यमंत्री उपलब्ध नहीं है छात्र युवा नेताओं ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राज्य के मुख्य सचिव से वार्ता कराने का आग्रह किया।जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री सचिवालय के संयुक्त सचिव से वार्ता कराने का पहल किया जिसे छात्र-युवा नेताओं ने इंकार कर दिया, छात्र-युवा नेता मुक्कमल वार्ता करना चाहते थे,जो बीपीएससी परीक्षा पर निर्णय ले सके. प्रशासन वार्ता कराने में विफल रहा।डाक बंगला चौराहे पर आयोजित सभा को सभा को संबोधित करते हुए मौजूद विधायकों एवं छात्र युवा नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चेतवानी भरे लहजे में कहा कि जबतक बीपीएससी 70 वीं परीक्षा पूरी तरह से रद्द कर नए सिरे से परीक्षा नही कराती है तबतक सभी छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा।




## शहद उत्पादन एवं प्रोत्साहन नीति बनाएगी कृषि विभागः मंगल पांडेय

- **राज्य में प्रतिव्यक्ति आय में हुई बढ़ोतरी का श्रेय किसानों की बढ़ी आमदनी**
- **बिहार की अर्थव्यवस्था में बागवानी की भूमिका अहम**
- **बागवानी महोत्सव-2025 में लगे रंग-बिरंगे फल, फूल एवं सब्जी के स्टॉल**

**पटना।** सूबे के कृषि मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने गांधी मैदान, पटना में आयोजित तीन दिवसीय बागवानी महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री संजय कुमार अग्रवाल, सचिव, कृषि विभाग, बिहार ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में कृषि मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि रंग-बिरंगे फल, फूल, सब्जी एवं अन्य बागवानी उत्पादों से सुसज्जित बागवानी महोत्सव 2025 कृषकों के उत्साह का गवाह है। कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो राज्य के आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्रिया-कलापों का आधार है। बिहार की अर्थव्यवस्था में बागवानी खासकर फल, फूल, सब्जी, मसाला आदि की भूमिका अहम साबित हो रही है। 2005 के समय राज्य में प्रतिव्यक्ति आय 7 हजार 500 के करीब थी, वहीं आज इस राज्य की प्रति व्यक्ति आय 66 हजार हो गयी है। 20 वर्षों में माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में लगभग 8 गुणा से अधिक प्रतिव्यक्ति आय बढ़ी है। जिसमें किसानों की बढ़ी आय का बड़ा योगदान रहा है। यदि हम सभी राज्य को सुखी व समृद्ध बनाना चाहते हैं, तो बागवानी के माध्यम से किसानों को समृद्ध कर उस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर कृषि मंत्री ने एक अहम घोषणा की है कि बिहार में शहद के उत्सादन एवं प्रोत्साहन नीति कृषि विभाग शीघ्र बनायेगी। जिसे सरकार राज्यभर में बढ़ावा देगी। खासकर भूमिहीन किसानों को शहद उत्पादन से जोड़ने की पहल को लेकर नीति बनायी जाएगी। भूमिहीन किसाना मधुमक्खी पालन कर खुद को सशक्त बनाएंगे। सूर्यमुखी, सहजन, सरसों, लीची जैसे फल- फूलों के शहद का उत्पादन करने की नीति बनेगी।



श्री पांडेय ने कहा कि महोत्सव में सिर्फ बागवानी उत्पादों का प्रदर्शनी ही नहीं बल्कि फल, फूल, सब्जी के बीज, बीचड़ा, पौधा, बागवानी उपकरण, मधु, मखाना, मशरूम, चाय आदि की बिक्री की भी व्यवस्था की गई है। बिहार में कुल 13.50 लाख हेक्टेयर में बागवानी की फसलों की खेती की जाती है, जिससे करीब 286.45 लाख मीट्रिक टन फल, फूल, सब्जी आदि बागवानी उत्पाद का उत्पादन होता है। जिसे आने वाले समय में और बढ़ाने का लक्ष्य है। कृषि रोडमैप के लक्ष्य से आगे बढ़कर भी सोचने की जरुरत है। सालाना लक्ष्य निर्धारित करने की दिशा में भी हम सोच सकते हैं। हमें 2025 में बागवानी का लक्ष्य बढ़ाकर 18 लाख हेक्टेयर एवं 2026 में इसे बढ़ाकर 20 लाख हेक्टेयर पर ले जाने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। राज्य बागवानी के क्षेत्र में बिहार लगातार आगे की ओर बढ़ रहा है। आज हमारे कृषक पारंपरिक बागवानी फसलों के साथ-साथ उच्च बाजार मूल्य वाले एक्जोटिक फल, ड्रैगन फ्रूट्स, स्ट्रॉबेरी आदि की खेती कर रहे हैं। श्री पांडेय ने कहा कि इन उत्पादों का उचित भंडारण हो, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्द्धन हो, बाजार की सुलभ उपलब्धता हो, कृषि विभाग इस दिशा में तीव्र गति से कार्य कर रही है। इस कड़ी में राज्य सरकार के द्वारा कृषि विभाग के अन्तर्गत कृषि विपणन निदेशालय का गठन किया गया है। जिसका उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य उपलब्ध करवाना, किसानों को बाजार की व्यवस्था उपलब्ध करवाना, किसानों के उत्पादों में मूल्य संवर्द्धन करवाना, भंडारण की सुविधा, बेहतर पैकेजिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। बागवानी महोत्सव में सभी जिलों से करीब 1500 कृषकों ने 14 हजार से ज्यादा प्रदर्शों के साथ भाग लिया है। बागवानी महोत्सव में प्रदर्शनी में लगभग 60 स्टॉल लगाये गये हैं, जहां से दर्शक बंधु मनपसन्द फल, फूल, सब्जी के बीज/बिचड़ा, पौधा, गमला, मधु, मखाना, मशरूम आदि खरीद भी सकते हैं। विभाग के सचिव श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य बाजारोन्मुख बागवानी उत्पादों के गुणवत्तायुक्त उत्पादन हेतु कृषकों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाना है। वहीं बागवानी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी उपकरण से रूबरू कराना तथा कृषकों को उनके उत्पादों का सही मूल्य प्राप्त हो इसके लिए निर्यात प्रोत्साहन हेतु कृषकों एवं व्यापारियों को एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर इनके अलावे अभिषेक कुमार, निदेशक उद्यान, आलोक रंजन घोष, एमडी, बिहार राज्य बीज निगम, अमिताभ सिंह, आप्त सचिव, स्वास्थ्य मंत्री, संतोष कुमार उत्तम, निदेशक पीपीएम, वीरेंद्र प्रसाद यादव, विशेष सचिव,कृषि विभाग, पद्मश्री से सम्मानित किसान चाची श्रीमती राजकुमारी देवी, मनोज कुमार, संयुक्त सचिव समेत कई अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# टीकाकरण के मामले में बिहार पहुंचा पूरे देश में नंबर 1: मंगल पांडेय

**पटना।** शुक्रवार को सोनपुर के शाहपुर हेल्थ एंड वेलनेस, सेंटर से राज्य भर में 1 हजार टीकाकरण कॉर्नर का सूबे के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में आज का दिन ऐतिहासिक है। हमारा लक्ष्य राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करना है। बिहार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। पिछले साढ़े तीन महीनों में राज्य में 2 हजार नए टीकाकरण कॉर्नर स्थापित किए गए हैं। आज का यह कदम टीकाकरण अभियान को नई दिशा देने और लक्ष्य को तेजी से प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा।

श्री पांडेय ने कहा कि यह पहल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चलाई जा रही योजनाओं का परिणाम है। सितंबर 2024 तक राज्य में पूर्ण प्रतिरक्षण का आच्छादन 87 प्रतिशत था जो 15 सितंबर 2024 को 1000 नए टीकाकरण कॉर्नर खोलने के बाद बढ़कर 93 प्रतिशत हो गया है। इस पहल के बाद बिहार टीकाकरण में देश में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। अगले तीन महीनों में 96 प्रतिशत और फिर जल्द ही 100 प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में कार्य चल रहा है।

श्री पांडेय ने कहा कहा कि टीकाकरण से 12 प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इन इम्यूनाईजेशन सेंटर पर छोटे बच्चों को विभिन्न प्रकार के टीके दिए जाएंगे। यह अभियान न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को भी सुरक्षित बनाएगा। जिन क्षेत्रों में टीकाकरण की दर कम है, वहां



जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे और लोगों को टीकाकरण के महत्व से अवगत कराया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य में पर्याप्त मात्रा में टीके उपलब्ध हैं और हर केंद्र पर प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मी मौजूद हैं। टीकाकरण अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। आज की इस पहल के माध्यम से बिहार स्वास्थ्य सेवाओं में एक नया मील का पत्थर स्थापित कर रहा है। यह राज्य को स्वास्थ्य और टीकाकरण के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड भी वितरित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय के अलावे पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, सारण के सिविल सर्जन दुलाल सिन्हा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, श्री रामरतन जी समेत स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के 38 जिलों के चिन्हित सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से संबंधित जिलों के सिविल सर्जन एवं संबंधित पदाधिकारीगण एवं कर्मी भीवर्चुलअ माध्यम से जुड़े।

# भारत की पहली महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले को मिले भारत रत्न: रालोमो

**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कैंप कार्यालय में भारत की पहली महिला शिक्षिका की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता ई० हेमंत कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद श्री उपेन्द्र कुशवाहा के संदेश को पढ़कर सुनाया` श्री उपेन्द्र कुशवाहा ने मांग की भारत की पहली महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न मिले और 03 जनवरी को देशभर में ऽमहिला शिक्षक दिवसऽ के रूप में मनाया जाए श्री कुशवाहा ने बताया कि सावित्रीबाई फुले अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया करती थी जिनका उद्देश्य केवल सामाजिक कुरीतियों को दूर करना था जिसमें विधवा विवाह, बाल विवाह, छुआछूत, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित



बनाना था। लड़कियों की शिक्षा पर उस समय सामाजिक पाबंदी थी। लेकिन सावित्रीबाई फुले उस दौर में न सिर्फ खुद पढ़ीं, बल्कि दूसरी लड़कियों के पढ़ने का भी बंदोबस्त किया। सावित्रीबाई फुले ने 19वीं सदी में महिला शिक्षा, लिंग समानता और सामाजिक सुधार के लिए अद्वितीय योगदान दिया। उन्होंने पहले लड़कियों के स्कूल की स्थापना की, साथ ही साथ अपने लेखन के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन की वकालत की। उनका समर्पण और साहस हमें प्रेरणा देता है। माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने वाले अन्य नेताओं में प्रदेश उपाध्यक्ष बबन यादव, मोहन यादव, प्रदेश महासचिव प्रशान्त पंकज, पप्पू मेहता, अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष अशोक राम, अशोक कुशवाहा, अमरेन्द्र कुशवाहा, रवि प्रताप काश्यप, सुमन सिंह, श्रवण कुमार, रितेश रंजन, मोहनलाल, विनोद कुमार पप्पू, सुरेश पासवान उमेश साव, अजय गुप्ता, मो आशिक मो क्लुमुदिन इत्यादि उपस्थित रहे ।

# जबतक सीएम बच्चों से मिल नहीं लेते तबतक अनशन जारी रहेगा: प्रशांत किशोर

**पटना।** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर लगातार गुरुवार की शाम से गांधी मैदान में इढरउ अभ्यर्थियों की मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे हुएं हैं। इस घटना ने बिहार सरकार के महकमे में खलबली मचा दी है।

जिसकी वजह से सरकार लगातार पुलिस के दलझ्र बल को गांधी मैदान के लिए रवाना कर रही है। इस दौरान पटना के एडीएम ने धरनास्थल पर जाकर प्रशांत किशोर से बातचीत की और उन्हें धरना वापस लेने को कहा। प्रशांत किशोर ने एडीएम को साफ तौर पर कहा कि धरना वापस लेना अब संभव नहीं, हजारों बच्चों का विश्वास है मुझपर, और खास कर 29



दिसंबर को प्रशासन के कहने पर मैंने छात्रों को उठने के लिए कहा था और फिर प्रशासन ने क्रूरतापूर्वक बच्चों पर लाठी चलाया है, अब किसी भी हालत में प्रशासन के कहने पर मैं आंदोलन वापस नही लूंगा। आगे प्रशांत किशोर ने बताया सिर्फ एक ही शर्त पर यह आंदोलन वापस लिया जाएगा, जब मुख्यमंत्री बच्चों से मिलेंगे उनकी बातों को सुनेंगे और बच्चे खुद तय करेंगे उन्हें आगे क्या करना है। बच्चों का निर्णय मुझे स्वीकार होगा।

# ब्रेल लिपि के आविष्कार से नेत्रहीन दिव्यांगों के सपनों का द्वार खुला

## लूई ब्रेल की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित हुआ समारोह, मेधावी नेत्रहीन दिव्यांगों को किया गया पुरस्कृत

**पटना।** 'ब्रेल-लिपि' का आविष्कार आधुनिक संसार के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है, जिसने न केवल विश्व भर के नेत्रहीनों के सपनों के बंद दरवाजे को खोला था बल्कि उनकी शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति उत्पन्न की। इसलिए इस लिपि के जन्म-दाता महान नेत्रहीन विज्ञानी लूई ब्रेल पूजा के योग्य हैं। उनको स्मरण करना किसी तीर्थाटन के समान पावन है।

यह बातें शुक्रवार को लूई ब्रेल की जयंती की पूर्व संध्या पर, बिहार नेत्रहीन परिषद और पटना प्लैटिनम राउण्ड टेबुल २४७ के संयुक्त तत्त्वावधान में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित मेधावी नेत्रहीन दिव्यांग सम्मान समारोह का उद्घाटन करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल



सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि मात्र तीन वर्ष की आयु में ही एक दुर्घटना के कारण अपने नेत्रों की ज्योति खो चुके डा ब्रेल एक महान शिक्षाविद तथा अन्वेषक थे। उन्होंने अपने महान और दृढ़ संकलप से यह सिद्ध किया कि किसी भी प्रकार की अपंगता मनुष्यों के संकल्प और उसकी इच्छाशक्ति को पराजित नहीं कर सकती। मन की शक्तियों से बड़ी और कोई शक्ति नही होती।

परिषद के वरीय उपाध्यक्ष और सुप्रसिद्ध उद्यमी रामलाल खेतान की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मान समारोह में ३० से अधिक प्रतिभाशाली नेत्रहीन छात्र-छात्राओं एवं विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त मेधावी नेत्रहीन दिव्यांगों को प्रशस्ति-पत्र, पदक और एन आई ई पी वी डी ब्रेल कैलेंडर-२०२५ देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व मंचस्थ अतिथियों द्वारा कैलेंडर का लोकार्पण किया गया।

आरंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए परिषद के महासचिव और सुप्रसिद्ध नेत्रहीन दव्यांग डा नवल किशोर शर्मा ने लूई ब्रेल के जीवन और व्यक्तित्व के साथ उनके अवदानों की विस्तार से चर्चा की तथा नगर में उनकी एक मूर्ति लगाने की मांग की।

उन्होंने सरकार से यह मांग भी की कि दिव्यांगों की पेंशन राशि चार सौ से बढ़ाकर कमसेकम तीन हजार की जाए। इस अवसर पर, सुप्रसिद्ध समाजसेवी कमल नोपानी, पटना राउण्ड टेबुल के अध्यक्ष विकास चंद्रा, नीतीश खेतान, डा अश्विनी कुमार, जीतेन्द्र कुमार, योगेन्द्र कुमार और श्रवण कुमार सुधांशु ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन दिव्यांग युवक राकेश कुमार ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन संजय कुमार ने किया। परिषद के स्वयंसेवक आकाश कुमार, शिवानी कुमारी तथा प्रियांशु राज नेत्रहीनों की सहायता में निरन्तर सक्रिए रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदूषण मुक्त पटना मैराथन अब 8 जनवरी को

**पटना।** आत्म प्रकाश योग केन्द्र द्वारा 5 जनवरी को होने वाले प्रदूषण मुक्त पटना मैराथन अपरिहार्य कारणों से अब 8 जनवरी को होगा उक्त जानकारी मैराथन के संयोजक सी ए शशि भूषण कुमार ने बताया कि प्रशासन के अनुरोध पर उक्त तिथि को बदला गया है. शशि भूषण कुमार ने बताया कि इस मैराथन में देश के साथ साथ विदेशी धावक भी भाग ले रहे हैं जिसमें यूटोपिया, केन्या आस्ट्रेलिया, नेपाल समेत हजारों प्रतिभागी भाग लेंगे, उक्त मैराथन गांधी मैदान गेट संख्या 1 से प्रारंभ होकर मरीन ड्राईव होते हुए वापस गांधी मैदान में ही समाप्त होगी जिसमें फूल मैराथन 42 किलोमीटर, हाफ मैराथन 21 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर 5 किलोमीटर, और 3 किलोमीटर का होगा। इस मैराथन में 22 लाख तक का पुरस्कार वितरण किया जाएगा इस मैराथन में मुख्य रूप से एशिया मैराथन चैम्पियन डॉक्टर सुनीता गोदारा बिहारी टॉरजान राजा यादव यूथ आइकन के तौर पर हौसला अफजाई के लिए आ रहे हैं साथ ही कई जाने माने गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति होगी।

### नंद किशोर यादव ने कंगन घाट क्षेत्र में आरंभ की लंगर सेवा

**पटना सिटी।** कंगन घाट पर लंगर हाल में विधान सभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव नेलंगर सेवा आरंभ की।बाललीला मैनी संगत गुरुद्वारा के जत्थेदार संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले ने गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया. इससे पहले तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्यग्रंथी दिलीप सिंह,ग्रंथी गुरुदयाल सिंह,परशुराम सिंह व अमरजीत सिंह ने अरदास कर लंगर सेवा आरंभ करायी। बाललीला गुरुद्वारा के बाबा सुखविंदर सिंह, बाबा गुरविंदर सिंह के संचालन में हुए कार्यक्रम में संत बाबा गुरनाम सिंह,पटियाला वाले बाबा गुरदीप सिंह,बाबा सतनाम सिंह,बाबा अवतार सिंह,बाबा हरि सिह,बाबा जोधवीर सिंह,बाबा बलवंत सिंह बाबा जग्गा सिंह,बाबा जगत सिंह, बाबा ग्लालियर सिंह,बाबा जगीर सिंह,बाबा मल सिंह,बाबा जसवंत सिंह,बाबा राम सिंह, प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र,प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह,वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह लख्खा,अजय सिंह चप्पू समेत अन्य उपस्थित थे।

### निर्वाणोत्सव पर रथयात्र आज

**पटना सिटी (बृजेश गोस्वामी)।** महामुनि सुदर्शन निवार्णोत्सव समिति की ओर से महामुनि श्री सुदर्शन स्वामी के निवार्णोत्सव पर शनिवार को लंगूर गली स्थित जैन मंदिर से रथयात्र निकाली जायेगी। जो कमलदह सिद्ध क्षेत्र गुलजारबाग जायेग।जैन मंदिर के रथयात्र पहुंचने के उपरांत निर्वाण कल्याणक मनाया जायेगा. इसके लिए तैयारी की गयी है.

### ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार बाललीला में हुये नतमस्तक

**पटना सिटी (बृजेश गोस्वामी)।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार शुक्रवार को बाललीला मैनी गुरुद्वारा में हाजिरी लगा राज्य के सुख समृद्धि और विकास की कामना की। प्रमुखजत्थेदार संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले ने गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया। बाललीला के प्रमुख बाबा सुखविंदर सिंह व बाबा गुरविंदर सिंह ने मंत्री का स्वागत करते हुए सात जनवरी को होने वाले जन्मोत्सव में शामिल होने को कहा। आयोजन में बाबा हरि सिह,बाबा जोधवीर सिंह,बाबा बलवंत सिंह बाबा जग्गा सिंह,बाबा जगत सिंह, बाबा ग्लावियर सिंह,बाबा जगीर सिंह,बाबा मल सिंह,बाबा जसवंत सिंह,बाबा राम सिंह,अजय सिंह चप्पू समेत अन्य उपस्थित थे। मंत्री ने कहा कि प्रकाश पर्व को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दिशा निर्देश में सुरक्षा की सुविधा व सुरक्षा का ख्याल कार्य कराती है.

# सावित्री बाई फुले नारी सम्मान की जननी थीं : राकेश पासवान शास्त्री

## सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती समारोह मनाई गई

**खगड़िया।** सदर प्रखंड के रहीमपुर मध्य पंचायत अंतर्गत नन्हकू मंडल टोला स्थित मेनका-कार्तिकेय सदन के सभा कक्ष में देश की प्रथम शिक्षिका, प्रथम प्रिंसिपल, महान समाज सेविका, मुक्ति आंदोलन की प्रणेता व महान स्वतंत्रता सेनानी माता सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती समारोह दलित युवा संग्राम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य राकेश पासवान शास्त्री की अध्यक्षता में हर्षोल्लासपूर्ण आयोजित की गई। मौके पर उपस्थित शिक्षाविद, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय प्रबुद्धजनों के द्वारा उनके तेलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई एवं नमन किया गया।

मौके पर अपने अध्यक्षीय संबोधन के दौरान आचार्य राकेश



पासवान शास्त्री ने कहा कि सावित्रीबाई फुले एक महान समाज सुधारक, दार्शनिक, कवित्री और शिक्षाविद के साथ-साथ नारी सम्मान और नारी सशक्तिकरण की जननी थी। जिन्होंने विरोधियों के पत्थरों और गंदगी के वार को सहन करते हुए अपने संघर्ष पूर्ण जीवन के दौरान नारी सम्मान की नई परिभाषा गढ़ने का काम की।

श्री शास्त्री ने कहा की माता सावित्रीबाई फुले ने विधवा विवाह करवाने,छुआछूत मिटाने, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उस समय महिलाओं- बालिकाओं के लिए शिक्षा दिलाना महापाप माना जाता था। तब माता सावित्रीबाई फुले ने बालिकाओं में जबरदस्त शिक्षा के प्रति जागृति लाने का काम किए। फुले दंपति ने जन-जन तक शिक्षा पहूंचाने की उद्देश्य की पूर्ति हेतु 18 से अधिक विद्यालयों का स्थापना की। उनकी कृति आज भी प्रासंगिक है। सही मायने में उनके बताए रास्ते पर हम लोग चलें तो यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, शिक्षक हीरालाल शास्त्री, रघुवीर पासवान, देवेंद्र पासवान प्रशिक्षु अध्यापक हरिवंश कुमार, सुबोध पासवान,अंकेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार , सूर्यवंश कुमार, दीपक पासवान, नीतू कुमारी, कुमारी कृति, स्वीटी कुमारी, कल्पना कुमारी, प्रीति कुमारी एवं सृष्टि कुमारी आदि दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं गण्यमान व्यक्ति उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह की आत्मा के शांति और के लिए तखत पटना साहब में अरदास कराया गया



**पटना।** आज दिनांक 3 जनवरी 2025 को अपराह्न 2:00 बजे पटना साहिब के पूर्व महासचिव एवं सदस्य सरदार महेंद्र पाल सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह जी की आत्मक कल्याण और आत्मा की शांति के लिए तख्त श्री हरमंदिर की पटना साहिब में भाई श्याम सिंह ग्रंथि जी से सामूहिक अरदास कराए गए अरदास के बाद कड़ा प्रसाद का वितरण संगत और श्रद्धालुओं में कराई गई इस मौके पर बिहार सिख फेडरेशन पटना साहब के संस्थापक सरदार त्रिलोक सिंह निषाद सरदार अभिजिंदर सिंह सरदार दमनजीत सिंह रानू विक्की सिंह और वरिष्ठ पत्रकार सरदार संदीप सिंह शामिल हुए।

# नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने के दूसरे चरण में जिले के 16 एचडब्लूसी में शुरू किया गया टीकाकरण कार्नर

**पूर्णिया।** गर्भवती महिलाओं और 0 से 5 वर्ष के बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के दूसरे चरण में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्णिया जिले के 16 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में टीकाकरण कार्नर की शुरूआत की गई है। शुक्रवार को बिहार सरकार स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा सारण जिले के सोनपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के अन्य 1000 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नियमित टीकाकरण कार्नर की शुरूआत की गई। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीकाकरण कार्नर की शुरूआत होने से गर्भवती महिलाओं और 0 से 5 वर्ष के बच्चों को स्थानीय स्तर पर शत प्रतिशत नियमित टीकाकरण करना सुनिश्चित किया जाएगा ताकि गर्भवती महिला और बच्चे सभी बीमारियों के ग्रसित होने से सुरक्षित रह सकेंगे। शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के पहले चरण (15 सितंबर) को भी राज्य के 1000 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीकाकरण कार्नर की शुरूआत की गई थी। पहले चरण के दौरान पूर्णिया जिले में सभी 14 प्रखंड के 28 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीकाकरण कार्नर की शुरूआत की गई है। इसके दूसरे चरण में पूर्णिया जिले के 13 प्रखंड के 16 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीकाकरण कार्नर की शुरूआत की गई है। पूर्णिया जिले में डगरुआ प्रखंड स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बभनी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा टीकाकरण कार्नर की शुरूआत की गई। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रमोद कुमार कनौजिया द्वारा उपस्थित नवजात शिशु को टीका



लगाकर विधिवत शुरूआत की गई। इस दौरान डीपीएम सोरेंद्र कुमार दास, डीआईओ डॉ विनय मोहन, सीडीओ डॉ कृष्ण मोहन दास, डीसीएम संजय दिनकर, डीएमएनई आलोक कुमार, डीपीसी डॉ सुधांशु शेखर, डीसीक्यूए डॉ अनिल कुमार शर्मा, डब्लूएचओ एसएमओ डॉ अरुल मुर्गल, यूनिसेफ एसएमसी मुकेश गुप्ता सहित प्रखंड स्वास्थ्य अधिकारी एएनएम, स्थानीय जनप्रतिनिधि और लाभार्थी उपस्थित रहे। सिविल सर्जन डॉ प्रमोद कुमार कनौजिया ने बताया कि शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा समुदायिक स्तर पर संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष रूप से टीकाकरण कार्नर की शुरूआत की जा रही है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीकाकरण कार्नर होने से गर्भवती महिलाओं और 0 से 5 वर्ष के बच्चों को शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए प्रखंड या जिला अस्पताल भ्रमण करने से छुटकारा मिल जाएगा। नजदीकी अस्पताल में टीकाकरण कार्नर होने से सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों द्वारा शत प्रतिशत टीकाकरण सुविधा का लाभ उठाया जाएगा जिससे कि माँ और बच्चे भविष्य में विभिन्न बीमारियों के ग्रसित होने से सुरक्षित रह सकेंगे। उन्होंने बताया कि टीकाकरण कार्नर में गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं, बच्चों के साथ साथ बुजुर्गों का भी टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा जिन्हें विशेष बीमारियों के उपचार हेतु टीकाकरण सुविधा की जरूरत चिकित्सकों द्वारा निर्देशित किया जाएगा। नजदीकी अस्पताल के टीकाकरण कार्नर से लोगों द्वारा शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करते हुए विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रहने का लाभ उठाना सुनिश्चित किया जा सकेगा। डीआईओ डॉ विनय मोहन ने बताया कि समुदाय स्तर पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित टीकाकरण कार्नर के दूसरे चरण में पूर्णिया जिले के 13 प्रखंड के 16 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व स्वास्थ्य उपकेंद्रों में टीकाकरण कार्नर की शुरूआत की गई है। इसमें डगरुआ प्रखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बभनी के साथ साथ के.नगर प्रखंड में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कामख्या स्थान, पूर्णिया पूर्व प्रखंड में महाराजपुर, भवानीपुर प्रखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बलिया और श्रीपुर, बी.कोठी प्रखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ओरियाहा, कसबा प्रखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सब्दलपुर।

# स्कूल में शिक्षक की लापरवाही से छात्र की करंट लगने से मौत, ग्रामीणों ने किया हिलसा-नूरसराय पथ जाम



**थरथरी (नालंदा) (नवशक्ति)।** थरथरी थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय अस्ता के आठवीं कक्षा के छात्र मोहित कुमार की मौत शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने हिलसा-नूरसराय मुख्य मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

मृतक के चाचा रमेश प्रसाद ने बताया कि स्कूल में पढ़ाई के दौरान शिक्षक ने मोहित सहित तीन-चार छात्रों को बांस लाने के लिए कहा। ये छात्र स्कूल परिसर से पूरब दिशा में स्थित बांसबाड़ी की ओर चले गए। बांस तोड़ते समय मोहित बिजली के प्रवाहित तार की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। उसे तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बिहारशरीफ रेफर किया गया। इलाज के दौरान मोहित की मौत हो गई।

मौत की खबर के बाद ग्रामीण और परिजन आक्रोशित हो गए और स्कूल परिसर में हंगामा करने लगे। उन्होंने स्कूल प्रशासन और शिक्षकों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि पढ़ाई के दौरान कुछ छात्र स्कूल छोड़कर चले गए थे। घटना की सूचना मिलने पर पता चला कि मोहित बिजली की चपेट में आ गया है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल में बाउंड्री वॉल न होने के कारण छात्र बाहर चले जाते हैं।

घटना की सूचना पर एसडीओ प्रवीण कुमार, डीएसपी सुमित कुमार, थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा, बीईओ पुष्पा कुमारी सहित हिलसा और चंडी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

ग्रामीणों ने स्कूल प्रशासन की लापरवाही पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# यूरिया खाद की कालाबाजारी से गेहूं की फसलें हो रही बर्बाद



**हरनौत (नालंदा) (नवशक्ति)।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने का भले ही दावा किया जाता हो लेकिन, स्थिति यह है कि विभाग के उपेक्षापूर्ण रवैया के कारण अनुज्ञप्तिधारी दुकानदारों द्वारा कृत्रिम अभाव पैदा कर कालाबाजारी की जा रही है। बाजार में यूरिया खाद के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं। उन्हें निर्धारित मूल्य से डेढ़ गुने से दुगने दामों में बिक्री की जा रही है। विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होती है। वहीं नेहुसा पंचायत के बीरमपुर गांव के किसान ओम सिंह ने बताया कि करीब 10 बीघा खेत में गेहूं की बुआई की गई है। पटवन का समय आ गया है लेकिन बाजार में यूरिया नहीं मिल रहा है। कई दुकानदारों से यूरिया के बारे में पूछे, लेकिन सब के सब यूरिया नहीं होने का बहाना बना रहे हैं। दूर दराज ग्रामीण इलाकों में स्टॉक बनाए हुए हैं। रात्रि के समय में 10 से 20 बैग कर के भेज देते हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी ऐसा एक भी दुकान नहीं है, जहाँ से यूरिया सरकारी दर पर खरीद की जा सके। यूरिया का कीमत आसमान छू जाने से किसानों में मायूसी छाई हुई है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए ताकि किसानों को उचित मूल्य पर खाद की आपूर्ति हो सके। कई किसानों ने बताया कि बीईओ का दुकानदारों के साथ मिलीभगत के कारण ऐसा हो रहा है। जबकि कई दुकानदारों ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से ही होल सेलर मनमानी करता है। वह प्रति बैग सरकारी रेट से अधिक वसूली करता है। जिसके कारण दुकानदारों को अधिक कीमत पर यूरिया बेचना पड़ता है। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीएओ) ब्रजकिशोर चरण ने बताया कि यूरिया का सरकारी दर 266.50 रुपए निर्धारित है।

## डीएम शशांक शुभंकर ने समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश: बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य



**प्रेम कुमार /बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** आज शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में कार्यरत पदाधिकारी और कर्मचारी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना वेतन भुगतान पर रोक लगाई जाएगी। इसके अलावा, बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने वाले कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। समीक्षा के दौरान उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रखंड निरीक्षण के दौरान बायोमेट्रिक उपस्थिति की जांच करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी को पंचायत स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति जांचने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलास्तरीय धावा दल के गठन का भी निर्देश दिया गया। कार्यालय व्यवस्था और योजनाओं की समीक्षा जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम व पदनाम के प्लेट लगाने और सूचना पट पर दायित्वों का उल्लेख सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कार्यालयों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखने पर भी जोर दिया गया। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे कबीर अंत्येष्टि अनुदान, मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना, वृद्धजन पेंशन योजना आदि का लाभ लाभुकों तक शीघ्र पहुंचाने के लिए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। खेल क्लब गठन और चापाकल अधिष्ठापन पर जोर पंचायती राज पदाधिकारियों को जनवरी अंत तक हर पंचायत में खेल क्लब का पंजीकरण बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पोर्टल पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को 15 दिनों के भीतर शेष चापाकलों का अधिष्ठापन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 70वीं बीपीएससी परीक्षा में भ्रष्टाचार के खिलाफ हिलसा में छात्रों का प्रदर्शन, निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली की मांग




**संजय कुमार बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** 70वीं बीपीएससी परीक्षा में हुई अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के विरोध में शुक्रवार को हिलसा के कमता हॉल्ट के पास छात्रों और युवाओं ने एनएच को जाम कर प्रदर्शन किया। यह चक्का जाम पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के निर्देश और युवा नेता राजू दानवीर के आह्वान पर आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व मनीष यादव, बबलू यादव, अजीत कुशवाहा, कौशल यादव, राजनीतिक कुमार, संजीत कुमार, अखिलेश चंद्रवंशी और विनय कुमार जैसे युवा नेताओं ने किया। बड़ी संख्या में युवा प्रदर्शन में शामिल हुए और इसे छात्रों के अधिकारों के लिए एक सफल आंदोलन बताया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि 70वीं बीपीएससी परीक्षा में हुई अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों पर कार्रवाई की जाए, और परीक्षा में गड़बड़ियों के कारण पुनर्परीक्षा आयोजित हो। बीपीएससी चेयरमैन को बर्खास्त करने और बिहार में पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू करने की भी मांग की गई। युवा नेता मनीष यादव ने कहा, यह आंदोलन केवल परीक्षा में हुई अनियमितताओं का विरोध नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य की लड़ाई है। वहीं, राजू दानवीर ने इसे भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ युवाओं के आक्रोश का प्रतीक बताया। घटना के कारण एनएच पर घंटों यातायात बाधित रहा। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। शांतिपूर्ण आंदोलन के माध्यम से प्रदर्शनकारियों ने सरकार तक अपनी मांगें पहुंचाईं। युवाओं ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## चंडी नगर पंचायत ने ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था की



**चंडी(नालंदा)(नवशक्ति)।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए चंडी नगर पंचायत ने शुक्रवार को नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की। इस पहल से स्थानीय लोगों को ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है।

नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी वरुण कुमार दूबे ने बताया कि क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर लकड़ियां गिराकर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा, कड़ाके की ठंड और तीन दिनों से चल रही शीतलहर से राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है। लोग अलाव के ताप से ठंड से बचाव कर सकें।₹

नगर पंचायत के उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार सुमन ने जानकारी दी कि बस स्टैंड, सतनाग मोड़, जैतीपुर मोड़, दस्तूरपर चौक और बजरंगवाली मंदिर के पास अलाव जलाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शीतलहर की स्थिति को देखते हुए आगे भी अलाव की व्यवस्था जारी रहेगी।

इस पहल से नगर क्षेत्र के लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय निवासियों ने नगर पंचायत की इस पहल की सराहना की है।

## नगर पंचायत ने कराई अलाव की व्यवस्था

**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय नपं क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों की राहत के लिए शुक्रवार से अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नपं के ईओ(कार्यपालक पदाधिकारी) सौरभ सुमन ने बताया कि विभिन्न जगहों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है। इसमें बाजार स्थित गोनावां मोड़ , चंडी मोड़ , काली स्थान , पुरानी पेट्रोल पंप , रुपसपुर , पोरई , वीर कुंवर सिंह चौक , रेलवे स्टेशन , विश्वकर्मा मोड़ व डाक-बंगला के समीप अलाव जलाया जा रहा है ।ताकि गरीबों एवं आम लोगों को ठंड के प्रकोप से निजात दिलाया जा सके। नगर पंचायत के स्वच्छता प्रबंधक बंटी कुमार की देखरेख में इन सभी जगहों पर शुक्रवार शाम अलाव जलाया गया।

## आरजीएल उच्च विद्यालय, छबीलापुर में खेल सप्ताह के तहत कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** खेल मशाल बिहार प्रतियोगिता के अंतर्गत आरजीएल उच्च विद्यालय, छबीलापुर में खेल सप्ताह के तहत शुक्रवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लिया। बालिका वर्ग का प्रदर्शन बालिका वर्ग में खुशी कुमारी और उनकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता। रनर-अप टीम में मौसम कुमारी और उनकी टीम शामिल थीं। नोडल अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि विजेता टीम ने सीआरसी स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। बालक वर्ग का प्रदर्शन बालक वर्ग में सुशांत कुमार के नेतृत्व वाली विवेकानंद ग्रुप ने जीत हासिल की। टैगोर ग्रुप रनर-अप रहा। दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने दी शुभकामनाएं प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य ने विजेता टीम को बधाई दी और आगे की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। आयोजन में सहयोग विद्यालय के शिक्षकों, स्काउट गाइड और खेल प्रशिक्षकों ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शनिवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## हिलसा में समाजसेवी ने चलाया नशामुक्ति अभियान, युवाओं को दी सख्त चेतावनी



**हिलसा (नालंदा) (नवशक्ति)।** समाज में तेजी से बढ़ रहे नशे के प्रचलन को रोकने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने हिलसा के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने रामबाबू खेल मैदान सहित अन्य स्थानों का दौरा कर नशा करते हुए युवाओं को सख्त चेतावनी दी और उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. मानव ने कहा कि नशे में लिप्त युवा न केवल खुद बर्बाद हो रहे हैं, बल्कि किशोरों और बच्चों को भी ड्रग्स की लत लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये युवा अवैध मजमा लगाकर गलत गतिविधियों में संलग्न हो रहे हैं, जिससे राह चलती महिलाओं और लड़कियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि नशे के अड्डों पर नियमित गश्ती की जाए, ताकि नशेड़ियों में दहशत पैदा हो और ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लग सके। अभियान के दौरान दर्जनों युवाओं ने जीवन में कभी भी ड्रग्स न लेने का संकल्प लिया। डॉ. मानव ने जोर देकर कहा कि नशे के चंगुल से देश के भविष्य को बचाने के लिए लगातार प्रयास और प्रशासन की सक्रियता जरूरी है।

# सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती पर ककड़िया विद्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**नूरसराय (नालंदा) (नवशक्ति)।** स्थानीय मध्य विद्यालय ककड़िया में शुक्रवार को महिला शिक्षा की क्रांति की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में आयोजित चेतना सत्र के दौरान प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार और वरीय शिक्षक राकेश बिहारी शर्मा ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार ने की, जबकि संचालन शिक्षिका पूजा कुमारी ने किया।

शिक्षक राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने विपरीत परिस्थितियों में बालिकाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया और 1 जनवरी 1848 को पुणे में भारत का पहला कन्या विद्यालय स्थापित किया। वे न केवल कुशल शिक्षिका थीं बल्कि मराठी साहित्य की प्रखर कवयित्री भी थीं। उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा, छुआछूत जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई।

प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार ने कहा कि सावित्रीबाई फुले समाज सुधार आंदोलन की प्रमुख हस्ती थीं। उन्होंने महिला शिक्षा को प्राथमिकता दी और सामाजिक बंधनों को तोड़कर महिलाओं को शिक्षित करने का कार्य किया।

शिक्षिका पूजा कुमारी ने कहा कि जब एक महिला शिक्षित होती है तो पूरा परिवार शिक्षित होता है। शिक्षक अरविंद शुक्ल ने सावित्रीबाई फुले के सामाजिक सुधारों पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को ऐतिहासिक बताया।

समारोह में बाल संसद के सदस्यों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षक मनुशेखर कुमार, सच्चिदानंद प्रसाद, और अन्य गणमान्य लोगों ने सावित्रीबाई फुले की विचारधारा को वर्तमान समय के लिए प्रासंगिक बताया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार और छात्र-छात्राओं ने जयंती कार्यक्रम में सक्रिय योगदान दिया और सावित्रीबाई फुले के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

# 11 वर्षों से सरकारी स्कूल चल रहा है निजी खफरैल दलान में

- 99 बच्चें हैं नामांकित, पढ़ाने को दो शिक्षक तैनात
- स्कूल के शिक्षक से लेकर बच्चें तक शौच के लिए जाते हैं बाहर

**हरिओम कुमार**

**हरनौत (नालंदा) (नवशक्ति)।** शिक्षा विभाग द्वारा स्थानीय प्रखंड में 77 प्राथमिक विद्यालय संचालित है। जहां सरकार स्कूल भवन निर्माण समेत स्कूलों में बेंच- डेस्क, शौचालय निर्माण व पेयजल समेत विभिन्न तरह की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही हैं। लेकिन पोआरी पंचायत के धरमपुर गांव में स्थित न्यू प्राइमरी स्कूल(एनपीएस) में शिक्षा विभाग के योजनाओं से कोसों दूर है। जबकि, शिक्षा विभाग लगातार स्कूलों की निरीक्षण करने का दावा कर रहा है। लेकिन, इस स्कूल की बदहाली नजर नहीं आ रही है। धरमपुर स्कूल का भवन नहीं रहने की वजह से 11 साल से एक निजी दालान( खपरैल) में किसी तरह पढ़ाई की खानापूर्ति की जा रही है। हद तो यह कि दालान मालिक को किराया भी नहीं दिया जा रहा है।

लोगों ने बताया कि स्कूल का कार्यालय है न वर्गकक्ष। एक ही कमरे में भोजन-पानी से लेकर पढ़ाई तक करायी जा रही है। शौचालय की सुविधा नहीं होने की वजह से शिक्षकों व बच्चों की काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।



स्कूल के शिक्षिका ज्योति कुमारी बताती हैं कि दलान में छात्रों को पढ़ाने में काफी कठिनाई हो रही है। शौचालय नहीं होने से सभी को परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं स्कूल के एचएम रामप्रवेश प्रसाद ने बताया कि स्कूल में 99 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। पढ़ाने के लिए दो शिक्षक तैनात है।दलान मालिक इंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि वर्ष 2014 में स्कूल की स्थापना की गई थी।तब से अभी तक सरकार से किराया नहीं मिलता है।

**ग्यारह साल से नया भवन निर्माण का हो रहा इंतजार:** 11 साल से नया भवन निर्माण होने का इंतजार किया जा रहा है। विभाग के लाख दावे के बावजूद भी स्कूल विकास की मुख्य धारा स्कूल तक नहीं पहुंच सकी है। पहली से पांचवी कक्षा तक के बच्चों को एक साथ दालान में पढ़ाई कराने से पढ़ाई की चाहे गुणवत्ता कैसी रहेगी जगजाहिर है।

बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि जब बच्चों को आधार ही मजबूत नहीं होगा तो हाईस्कूल की पढ़ाई कैसे कर सकेंगे।स्कूल में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर शिक्षकों के बैठने के लिए कुर्सी-टेबल व कागजात रखने के लिए आलमीरा उपलब्ध कराया गया है। लेकिन, स्कूल के काजगात सुरक्षा की दृष्टि से रोजाना घर ले जाने की विवशता बनी हुई है। स्कूल में जितने बच्चे नामांकित है उस हिसाब से डेक्स-बेंच भी लगाने की व्यवस्था नहीं है ।इस ठंड में आधे से अधिक बच्चे दलान के बाहर पढ़ाई करने को मजबूर है।

**क्या कहते हैं बीईओ :** वही इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) सुरेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि एनपीएस धरमपुर दलान में संचालन कराने का मामला संज्ञान में है। स्कूल के नाम पर पांच डिसमिल जमीन उपलब्ध है। लेकिन, शिक्षा विभाग के मानक के अनुसार भवन बनाने के लिए प्रर्याप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि भवन बनाने के लिए 10 डिसमिल जमीन चाहिए। वहां के ग्रामीण एवं शिक्षकों को बोला गया है कि अंचलाधिकारी (सीओ) को एक आवेदन दें और आवेदन देकर नो ड्यूज करावें। उन्होंने बताया कि जिस दिन 5 डिसमिल जमीन गैर मजरूआ से आ जाता है। उसे दिन भवन बनना शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि डीईओ को भी आवेदन सौंपा जा चुका है।

नव शक्ति समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा।
प्रधान कार्यालय: कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामी: जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बर: 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# अपने वादे के अनुरूप 3200रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद करे हेमंत सरकार: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी में किसानों को इंसाफ देने की मांग की। श्री मरांडी आज प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री मरांडी ने कहा कि पिछले दो वर्षों के सुखाड़ के बाद राज्य में इस वर्ष धान की अच्छी फसल हुई है। किसानों को अपने मेहनत का अच्छा लाभ मिलने की उम्मीद राज्य सरकार से थी। कहा कि हेमंत सरकार में शामिल दलों ने चुनाव से पूर्व ?3200/क्विंटल धान खरीद करने का आश्वासन दिया था।लेकिन राज्य सरकार अपने वादे से उलट गई। आज राज्य में 2300रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद और 100रुपए बोनस के साथ 2400रुपए प्रति क्विंटल से खरीद हो रही।राज्य सरकार ने 60लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा है लेकिन स्थिति ऐसी है कि अभी तक पूरी तरह जिलों में धान क्रय केंद्र ही नहीं खोले गए हैं।ऑफिसरशाही इतनी हावी है कि वित्त मंत्री अपने क्षेत्र से धान क्रय केंद्र का बिना उद्घाटन किए ही बैरंग वापस लौटने को मजबूर हैं।राज्य में जहां केंद्र खुले भी हैं उसमें में कई स्थानों पर ताले लटके मिल रहे। कहा कि राज्य सरकार लक्ष्य का 15% धान भी अबतक नहीं खरीद सकी है। राज्य सरकार इसमें भी धान को गिला बताकर प्रति क्विंटल 10...15किलो की कटौती कर रही है। कहा कि राज्य सरकार ने धान खरीदी की प्रक्रिया



को जटिल बना दिया है। राज्य सरकार की उदासीनता के कारण किसान दलाल और बिचौलियों के चंगुल में आने को मजबूर हैं। किसान अपनी मेहनत से उपजाई फसल को 1800..1900रुपए प्रति क्विंटल बेचने को मजबूर हैं। इधर बंगाल,उड़ीसा,छत्तीसगढ़ के दलाल,बिचौलिए धान खरीद केलिए बाइक से गांव, गांव घूम रहे। कहा कि दलाल, बिचौलिए सीधे ट्रक लेकर गांव तक पहुंच जा रहे ।और किसानों से कम कीमत पर धान खरीद ले रहे। कहा कि राज्य सरकार का दायित्व है किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का ।किसानों को मजबूती प्रदान करने का ताकि वे अपने पैरों पर खड़ा हो सकें।

कहा कि झारखंड के किसान खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं है ।यहां केवल एक फसल धान ही है जिसे एमएसपी पर बेचकर किसान कुछ रुपए कमाते है बाकी दलहन आदि का उत्पादन यहां बड़े पैमाने पर नहीं होता है। कहा कि ऐसे में किसानों को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है लेकिन राज्य सरकार लगातार किसानों को निराश करने में लगी है। कहा कि किसानों के साथ फजीवाड़ा किया जा रहा। कहा कि भाजपा शासित प्रदेशों में अपने घोषित दर पर राज्य सरकार धान की खरीद कर रही जबकि हेमंत सरकार फिर से धोखा देने में जुट गई है। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास केलिए समर्पित है। आज प्रतिवर्ष किसानों के खाते में 6000रुपए तीन किस्तों में भेजा जा रहा जो किसानों केलिए काफी सहायक हो रहा। लगातार फसलों पर केंद्र सरकार एमएसपी बढ़ा रही।अभी हाल में ही यूरिया के दामों में सब्सिडी बढ़ाई गई है। कहा कि राज्य सरकार अपने वादे पर अमल करते हुए 3200रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीद करे, कटौती बंद करे और किसानों को इंसाफ दे। प्रेसवार्ता में किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू और सह मीडिया प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह आज दिवंगत भाजपा नेता स्व गुरविंदर सिंह सेठी के आवास पर पहुंचे। परिजनों से मुलाकात की।शोक संवेदना प्रकट की। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति केलिए प्रार्थना की। कहा दुख की घड़ी में प्रदेश भाजपा परिजनों के साथ खड़ी है ।पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खोया है। मुलाकात करने वालों में योगेन्द्र प्रताप सिंह,अशोक शर्मा भी शामिल हैं।

## बड़ी वारदात की योजना बनाते तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**इस्लामपुर( नालंदा)(नवशक्ति)।** इस्लामपुर नगर के पक्की तालाब पर बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपियों के पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, दो बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। इस्लामपुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पक्की तालाब क्षेत्र में दो बाइक पर सवार तीन अपराधी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने एक टीम गठित कर छापेमारी की। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, अपराधियों ने भागने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान सोनावां गांव निवासी रंजन कुमार की कमर से एक लोडेड देशी कट्टा और संजय चौधरी के पुत्र चंदन कुमार की जेब से 8 एमएम बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया। वहीं, राजा कुमार नामक अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया, जिसकी बाइक और मोबाइल फोन जब्त किए गए। पुलिस ने तीनों अपराधियों पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में हिलसा भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि समय पर कार्रवाई के कारण एक बड़ी घटना टल गई। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की है।

## मिड-डे मील प्रभारी से रिकवरी के आदेश

**कटोरिया/बांका (विजय आनंद)।** मिब-डे-मिल की अनियमितता पर तेलिया के प्रभारी से 45 हजार 604 रूपया की रिकवरी के आदेश। मिडे-मिल की अनियमिता पर बांका प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय तेलिया के प्रभारी प्रधानाध्यपक इंदू देवी पर गुरूवार को विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। योजना में गड़बड़ी करने के आरोप में मध्यान भोजन के डीपीओ राजकुमार राजू ने 45 हजार 604 रूपया की रिकवरी का आदेश जारी किया है। जबकि प्रखंड नियोजन इकाई के सदस्य सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार ने प्रभारी प्रधानाध्यपक का एक इंक्रीमेंट को काट कर तत्काल प्रभाव से दूसरे वरीय शिक्षिका सरिता कुमारी को विद्यालय का संपूर्ण प्रभार दिया। डीपीओ ने बताया कि विद्यालय से मध्यान भोजन की चावल की हेरफेर का भी वीडीयो पिछले दिनों वायरल हुआ था। जिसके आधार पर कार्रवाई की गई थी। जबकि विभागीय जांच में माध्यान भोजन में भी अनियमितता पाई गई। डपीओ ने कहा कि संबंधित प्रखंड साधनसेवी ने 30 दिसंबर को जब विद्यालय की जांच की, तो विद्यालय में बच्चों की भौतिक उपस्थिति 145 थी। जबकि सात दिनों के औसत 199 के करीब पाया गया। बच्चों की उपस्थिति के हेराफेरी में प्रखंड साधनसेवी की अनुसंशा पर प्रभार से मुक्त कर दूसरे वरीय शिक्षक को प्रभार दिया गया है। जबकि रिकवरी का आदेश जारी किया गया है। कहा कि सात दिनों के अंदर राशि जमा नहीं करने पर शिक्षिका के वेतन से रिकवरी की जाएगा।

## गोली लगने से जख्मी ऑटो चालक का ईलाज, दुगार्पुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है

**कटोरिया/बांका(विजय आनंद)।** कढटोरिया थाना क्षेत्र के मोचनावरण बांध के निकट गुरुवार-शुक्रवार को देर रात गोली लगने से जख्मी ऑटो चालक का ईलाज दुगार्पुर के एक निजी अस्पताल में अस्पताल में चल रहा है। घटना को लेकर जख्मी के पिता चांदन थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी मोहन यादव ने शुक्रवार को कटोरिया थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि उसका बेटा देवघर स्थित आर के मिशन में पिछले 15 वर्षों से ऑटो चलाने का काम करता है। दो दिन की छुट्टी में वह घर आया हुआ था। बताया है कि गुरुवार रात चांदन गर्ल्स हाई स्कूल लोहे दुकान के दुकानदार ने फोन कर युवक के ऑटो को भाड़े पर कटोरिया थाना क्षेत्र के राधानगर ले जाने की बात कही थी। युवक अपने पिता को देर रात वापस आने की बात कहकर ऑटो लेकर घर से निकला था। इधर करीब 10 बजे युवक को गोली मारे जाने की सूचना परिजनों को दी गई। पिता द्वारा लोहे के दुकानदार पर अपने साथियों के साथ मिलकर युवक की हत्या की नियत से उसे गोली मारने का आरोप लगाया गया है। इधर घटना को लेकर गुरुवार देर रात को एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। मौके पर एसडीपीओ बेलहर राजकिशोर कुमार इंस्पेक्टर बबलू कुमार एवं थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय मौजूद थे। वहीं शुक्रवार को भागलपुर से एफएसएल टीम को बुलाया गया। टीम में शामिल आकांक्षा दीक्षित द्वारा मौके से कई सैंपल इकट्ठा किए गए। बता दे कि मोचनावरण बांध के पास गुरुवार रात बदमाशों ने ऑटो चालक मुन्ना यादव को गोली मार दी थी। युवक को जख्मी हालत में रेफरल अस्पताल से देवघर रेफर कर दिया गया था। जहां से उसे बेहतर ईलाज के लिए धनबाद और फिर दुगार्पुर ले जाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## प्रभात फेरी दानापुर हांडी साहिब की परिक्रमा कर वापस आयी ,बड़ी प्रभात फेरी आज

**पटना सिटी (बृजेश गोस्वामी )** । श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358 वां प्रकाश उत्सव समारोह पर निकल रही प्रभात फेरी शुक्रवार को तख्त साहिब से निकल कर अशोक राजपथ के रास्ते गुरुद्वारा हांडी साहिब दानापुर दर्शन कर वापस लौटी. शनिवार को तख्त साहिब से बड़ी प्रभात फेरी निकाली जायेगी। पंज प्यारे के नेतृत्व में निकली तख्त श्री हरमंदिर साहिब में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के अरदास के उपरांत आरंभ हुई प्रभात फेरी में संयोजक सरदार तेजिन्दर सिंह बग्गा,सरदार प्रेम सिंह, सरदार रणजीत सिंह व इन्द्रजीत सिंह बग्गा के साथ शामिल सिख श्रद्धालु शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थ ।प्रकाशोत्सव का मुख्य समारोह छह जनवरी को मनाया जायेगा.

## उत्तर बिहार के जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों एवं संबंधित केंद्रीय और राज्य पदाधिकारियों का सम्मेलन सम्पन्न

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में आयोजित उत्तर बिहार के जिला एवं प्रखंड अध्यक्षों का सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने किया और संचालन रमेश पटेल द्वारा किया गया। सम्मेलन में उत्तर बिहार के किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, मधुबनी, दरभंगा, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सारण, गोपालगंज, सिवान, वैशाली, और समस्तीपुर जिलों के प्रतिनिधियों ने प्रमुख रूप से भाग लिया। सम्मेलन में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आरसीपी सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य बिहार को तनावमुक्त और ऋक्रराज से



मुक्त प्रदेश बनाना है।

उन्होंने कहा कि सभी परिवारों को खुशहाल बनाने, किसानों और युवाओं की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सभी को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अक्षय ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत बनाया जाएगा, हाइड्रोजन का निर्माण कर पूरे विश्व को प्रदान किया जाएगा, रोजगार सृजन के लिए खाद्य संस्करण वाले उद्योग शुरू करेंगे, युवाओं को जब तक रोजगार नहीं मिलेगा तब तक एक मुश्त राशि मिलते रहेगी, नारी शक्ति के लिए अन्य पार्टियों जो वादा कर रही है उससे ज्यादा डीबीटी से राशि देंगे, किसानों के लिए केंद्र सरकार से ज्यादा सम्मान निधि तौर पर डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि देंगे ऐसे सैकड़ो योजनाएं है जहां शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मान हर नागरिक का अधिकार होगा। यह पार्टी बिहार की नई राह को प्रशस्त करेगी और जनता को खुशहाल बिहार की ओर ले जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और पार्टी के आगामी एजेंडे पर मंथन किया। सभी ने संगठन की मजबूती और विधानसभा चुनाव 2025 की प्रभावी तैयारी के लिए अपना समर्थन और योगदान देने का संकल्प लिया बिहार में आसा की सरकार बनाने पर जोर दिया, जिसमें हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। यह सम्मेलन संगठन की मजबूती और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## नीलम पत्र और वादों पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए



**जमुई,नवशक्ति (प्रभाकर कुमार)।** प्रमंडलीय आयुक्त श्री संजय कुमार सिंह द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रमंडल के सभी जिलों के जिला पदाधिकारी, अपर समाहर्ता व नोडल पदाधिकारी नीलाम पत्र वाद के साथ नीलाम पत्र वाद और राजस्व न्यायालय वादों सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए' जिला पदाधिकारी जमुई श्रीमती अभिलाषा शर्मा इस बैठक में अपर समाहर्ता व सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी नीलाम पत्र वाद के साथ इस समीक्षात्मक बैठक में अपने कार्यालय कक्ष से जुड़ी ।बैठक में आयुक्त महोदय द्वारा जिलों में लंबित नीलाम पत्र वादों और राजस्व न्यायालय परिवादों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया ' आगे उन्होंने अंचल, अनुमंडल तथा जिला स्तर पर कार्यरत नीलाम पदाधिकारी द्वारा अन्य वादों और कार्यों को लेकर कितने लोगों को नोटिस तामिला किया गया तथा कितने लोगों को बॉडी वारंट और डिस्ट्रेस वारंट जारी किया क्या, इसकी जानकारी ली गई। सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को इसमें गंभीरता से काम करने का निर्देश दिया गया।

## टीकाकरण केंद्रों का विस्तार : शिशुओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की ओर बड़ा कदम

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने शुक्रवार को सोनपुर के शाहपुर से वर्चुअल माध्यम से 1,000 नए टीकाकरण केंद्रों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिहारशरीफ सदर प्रखंड के छबीलापुर गांव में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर एक नए वैक्सीनेशन कॉर्नर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र कुमार द्वारा किया गया।



जिले में पहले से प्रत्येक प्रखंड में दो टीकाकरण केंद्र संचालित हो रहे थे। अब हर प्रखंड में दो और नए केंद्र खोले जा रहे हैं, जिससे शिशुओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 12 जानलेवा बीमारियों, जैसे पोलियो, गलघोंटू, खसरा, रूबेला, और टीबी जैसी बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के कमलनयन पांडे ने बताया कि नए केंद्रों की शुरूआत का उद्देश्य नियमित टीकाकरण कवरेज को 95% तक पहुंचाना है। अब सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को इन केंद्रों पर टीकाकरण सेवाएं उपलब्ध होंगी। सरकार द्वारा सभी आवश्यक टीके केंद्रों पर निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र चौधरी, सीएमओ डॉ. गीतिका शंकर, एसएमसी-डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि, चाई संस्था के शैलेंद्र कुमार, एमओआईसी, बीएचएम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीपीआरओ ने पंचायत भवन का किया निरीक्षण, ली जानकारी, दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

### बड़वासनी पंचायत में आधिकारी ने ली मुखिया से योजनाओं की जानकारी

**कटोरिया/बांका(विजय आनंद)।** कटोरिया के बड़वासनी पंचायत भवन में बीपीआरओ अविनाश कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन में पंचायत के मुखिया अमलेश कुमार व पंचायत सचिव सरोज कुमार से पंचायत के अंतर्गत चलाये गए पूर्ण योजनाओं के अभिलेखों की जानकारी ली। वहीं इसी क्रम में उन्होंने आगामी दिनों पंचायत में चलाए जाने वाले योजनाओं पर भी चर्चा की। बीपीआरओ ने संयुक्त रूप से पंजियों को भी देखा जिसमें बहुत मंदगति से काम चलने की बात सामने आई। साथ ही कई प्रकार के आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। पूछे जाने पर



बीपीआरओ ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में यह निरीक्षण किया गया है। विभाग के द्वारा निर्देश प्राप्त हैं कि प्रत्येक महीने में पंचायतों का औचक निरीक्षण किया जाना है और उसी का प्रपत्र एक मे उसे भरकर उसे जिला पंचायती राज पदाधिकारी को सौंपना है। इसी क्रम में प्रखंड के रोस्टर के अनुसार बड़वासनी पंचायत भवन का निरीक्षण किया। मौके पर पंचायत लेखपाल प्रबीन कुमार पांडेय, ऋषव कुमार, कार्यपालक सहायक संतोष कुमार अन्य मौजूद रहे।

## बिहार के सरोद वादक तथा संगीत इतिहासकार थे प्रो. सी. एल. दास

**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**

**पटना।** सरोद वादक तथा संगीत इतिहासकार प्रो. सी. एल. दास की 91वीं जयंती 4 जनवरी 2025 को है। इस संदर्भ में कहना है कि ₹पिता ने जैसे भविष्य की कल्पना की थी, उसके उलट प्रो. दास ने चुना था शास्त्रीय संगीत और आम लोगों के बीच की दूरी को पाटने की जद्दोजहद' कहते हैं संगीत के लिए व्यक्ति बना हुआ आता है। उसे मुखरित करने के लिए बस थोड़ी साधना और थोड़े तराश की जरूरत होती है। दरअसल जो राग रस होता है किसी के भीतर, वही तय करता है उसके जीवन धारा की दिशा को। कुछ ऐसा ही हुआ था सरोद साधक तथा संगीत इतिहासकार, प्रो. सी. एल. दास के साथ।

प्रो. दास के भविष्य की एक अलग ही छवि बना रखी थी उनके परिवार ने, जहाँ था सैल्यूट मारता सरकारी शोफर और उनके गाँव की सड़क पर अंगरक्षकों से भरी सरपट दौड़ती गाड़ी। लेकिन नियति कुछ और ही लिख लाई थी इनके लिए। उन्होंने जो संसार रचा अपने लिए, उसमे वैसा कुछ नहीं था जैसी कल्पना की थी उनके परिवार ने। यहाँ थी सरोद, स्वर और लय की साधना, शास्त्रीय संगीत और आम लोगों के बीच की दूरी को पाटने की जद्दोजहद और उसके विस्तार के लिए पत्रिकाओं और समाचार पत्रों में रागों- स्वरों को शब्दबद्ध करने की जिम्मेदारी। सरकारी रोब-दाब जैसा कुछ नहीं था यहाँ। था तो बस मैहर और मदीना भवन के साथ अबूझा सा प्रेम। गर्मी की छुट्टियों में सरोद लेकर बॉम्बे जनता ट्रेन में पटना से मैहर तक का सफर, अल्लाउद्दीन बाबा के साथ भोजन के बाद मैहर म्युजिक कौलेज जाना और वहां बाबा को विद्यार्थियों को राग और गतें सिखाते देखना। यही थी उनकी दुनिया की धुरी।

एक अनजानी सी रिश्तेदारी बन गई थी उनकी देश भर के कलाकारों, खास तौर पर उस्ताद अली अकबर खाँ, उस्ताद बहादुर खान, पद्म भूषण उस्ताद गुलाम मुस्तफा और पंडित रामचतुर मल्लिक से और अपने अनगिनत परिचित- अपरिचित कला पाठकों के साथ तो साझेदारी थी ही राग-संगीत की।

04 जनवरी, 1934 में नेपाल तराई के एक जमींदार परिवार में जन्मे चँद्रकांत के लिए उनके पिता ने हर आम पिता की तरह कई सपने देखे थे। बड़ी इच्छा थी कि बेटा पढाई कर कोई ऊँचा अधिकारी बने। सरकारी गाड़ी से गाँव की कच्ची सड़क पर चले तो उसकी धूल के साथ- साथ उसके ओहदे की धमक भी गाँव भर मे फैल जाए। बालक चंद्रकांत जब महज छः साल के थे, उसी उम्र में माँ की गोद से उतार बच्चे को



अच्छी शिक्षा के लिए राजनगर (मधुबनी) भेज दिया था। बच्चे के विछोह में माँ रोती रह गई थी। ₹कहाँ दूर मोगलान में भेज दिया मेरे बच्चे को,₹ उन्होंने खीजकर कहा था। उन दिनों तराई के गाँव में भारत को मोगलान ही कहते थे लोग। लेकिन जमींदार साहब टस से मस नहीं हुए थे। दालान पर बैठे पटवारी कालिदास ने भी उनकी हाँ में हाँ मिलाते हुए कहा था, ₹बच्चे को और मिर्चे को जितना आग में झोंकिए, उसकी झाँस उतनी ही बढती है₹। फिर क्या था जमींदार पिता और आश्वस्त हो गए थे। सोचते, ₹बच्चा मेधावी है, जरूर अच्छा करेगा। चँद्रकांत एक बार बड़ा अधिकारी बन जाए, तो खेती की सारी चिंताएं दूर हो जाएंगी₹। लेकिन यहाँ तो ग्रह-नक्षत्र के कुछ और ही खेल चल रहे थे। चँद्रकांत के नंबर तो अच्छे आ रहे थे। लेकिन पढाई के साथ - साथ राग - संगीत के प्रति आकर्षण बढने लगा था। राजनगर में दुर्गा पूजा में जब बाकी सहपाठी मेला घूम रहे होते और मछली और मिठाइयों के स्टौल के चक्कर काट रहे होते, चँद्रकांत का समय मंदिर में हो रहे पूजा के समय कलाकारों द्वारा गाए- बजाए राग और बंदिश सुनने में बीतता।

एक बात जो उन्हे खटक रही थी वो ये कि शास्त्रीय संगीत और संगीतकार दोनो ही आम लोगों की पहुँच से बाहर थे। शायद उसी क्षण उन्होने शास्त्रीय राग संगीत को आम लोगों के बीच लाने की ठानी होगी। कॉलेज की पढाई के लिए वो जब पटना आए, तो यहाँ भी देखा कि कलाकार शहर के रईसों की बैठकियों तक ही सीमित थे। लेकिन जैसे ही पटना के एक कौलेज में नौकरी लगी, उन्होने संगीत और संगीतकारों को आम लोगों के बीच लाने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया था। अपने कुछ संगीत प्रेमी मित्रों के साथ मिलकर शहर के सभागार में जन समारोह आरंभ किया। हालाँकि दशहरा में यहाँ कई दिनो का संगीत समारोह होता था। लेकिन बाकी दिन सब कुछ शांत और स्थिर सा होता। प्रो दास ने इस एकरसता को तोडने की पहल की। उन्होंने अपने जन समारोह में पंडित रवि शंकर और उस्ताद अमीर खाँ सरीखे कलाकारों को शामिल किया।